संख्या-1/2015/123जेड/6-सा-1-2015-55जी/90

प्रेषक,

भूपेन्द्र सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1

लखनऊ: दिनांक: 01 अप्रैल, 2015

विषय:-आपातकालीन अवधि (दिनांक 25-06-1975 से 21-03-1977) में मीसा/डी0आई0आर0 में जेल में निरूद्ध प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतंत्र सेनानियों को स्वीकृत सम्मान राशि में वृद्धि किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि देश में आपातकालीन अवधि (दिनांक 25-06-1975 से 21-03-1977) के दौरान मीसा/डी0आई0आर0 में निरूद्ध रहे प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को शासनादेश संख्या-800जेड/6-सा-1-2012-55जी/90, दिनांक 14-09-2012 द्वारा दिनांक-01-04-2012 से रू0 3,000/- (रूपये तीन हजार मात्र) मासिक सम्मान राशि दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इसके पश्चात् शासनादेश संख्या-1143जेड/6-सा-1-2014-55जी/90, दिनांक-18 जुलाई, 2014 द्वारा मासिक सम्मान राशि रू0 3000/- से बढाकर रू0 6,000/- (रूपया छः हजार मात्र) की गयी है।

2- सम्यक् विचारोपरान्त लोकतंत्र सेनानियों/राजनैतिक बन्दियों की मासिक सम्मान राशि रू0 6000/- से बढाकर रू0 10,000/- (रूपया दस हजार मात्र) किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः प्रदेश के ऐसे राजनैतिक बन्दियों/लोकतंत्र सेनानियों को आदेश निर्गत होने की तिथि से रू0 10,000/- (रूपया दस हजार मात्र) की मासिक सम्मान राशि का भुगतान देय होगा।

क्रमशः 2/-

http://shasnadesh.up.nic.in

2- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 सं0-ई-12-404/दस-2015, दिनांक-30 मार्च, 2015 के अन्तर्गत प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(भूपेन्द्र सिंह)
प्रमुख सचिव।

संख्या:1/2015/123(1)/जेड/6-सा-1-2015, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2-प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग।
3-प्रमुख सचिव, चिकित्सा विभाग।
4-प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सडक परिवहन निगम, लखनऊ।
5- निदेशक/सचिव, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ।
6- समस्त कोषाधिकारी, उ0प्र0।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12
8- वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1
9- परिवहन अनुभाग-2/4
10- चिकित्सा अनुभाग-1/6
11- गोपन अनुभाग-1
12- गार्डबुक।

आज्ञा से,

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
उप सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in